**बैठक** | खेल, अनुशासन, समन्वय, नेतृत्व क्षमता विकास करने में शिक्षक निभाता है अहम भूमिका: उपायुक्त

# शिक्षक खेल कौशल का विकास कर गतिविधियां करें संचालित



**शहडोल ।** संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव की उपस्थिति में शहडोल संभाग के समस्त विभागीय खेल शिक्षकों एवं खेल गतिविधि संचालित करने वाले शिक्षकों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक कन्या शिक्षा परिसर सोहागपुर (कंचनपुर) में आयोजित की गई। संभागीय उपायुक्त श्री यादव ने खेल शिक्षकों से कहा कि खेल अनुशासन, समन्वय, भाईचारा, संघर्ष, धैर्य, एक-दूसरों के प्रति सम्मान, मेहनत करना, प्रतियोगिता की भावना, नेतृत्व क्षमता का विकास, आत्मविश्वास, सतर्कता जैसे गुणों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता हैं। खेल को जीवन का अभिन्न अंग बनाकर शरीर को स्वस्थ्य रखा जा सकता है।

खेल शिक्षक प्रतिदिन स्वयं लगभग आधा घण्टा योग, एक्सरसाइज आदि गतिविधियों से स्वयं को जोड़ें। प्रत्येक खेल शिक्षक विद्यालयों में खेले जाने वाले सभी खेलों की जानकारी रखे तथा इसे विद्यार्थियों को भी साझा करे। सैद्धान्तिक तथा प्रेक्टिकल ज्ञान आवश्यक है।

उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने खेल षिक्षको को निर्देश दिए कि खेल षिक्षक खेल कौशल का विकास कर खेल गतिविधियां संचालित करें। उन्होंने खेल शिक्षकों से कहा कि सभी विद्यालयों में अनिवार्य रूप से खेल गतिविधियों का संचालन हो। जिन विद्यालयों में मैदान की कमी है उन विद्यालय में इन्डोर गेम्स जैसे शतरंज, कुश्ती, योग, टेबल-टेनिस, मार्शल आर्ट आदि का संचालन हो, जिन विद्यालयों में मैदान की उपलब्धता है उनमें कबड्डी, खो-खो, फुटबाल, वॉलीवाल, क्रिकेट, हैण्डबॉल आदि खेलों का आयोजन किया जाए। प्रत्येक विद्यालय द्वारा एथलेटिक्स को अनिवार्य किया जाकर अन्य कोई भी तीन खेलों का चयन कर उस हेतु रूचि रखने वाले विद्यार्थी का चयन किया जाकर उन्हें नियमित रूप से प्रशिक्षित किया जाए। उन गतिविधियों में अपने विद्यालय के बच्चों को राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता कराने का भरपूर प्रयास करें।

**शिक्षक डायरी रखे**

सभी खेल शिक्षकों को दैनिक डायरी लिखना होगा, जिसमें प्रतिदिन संचालित की गई खेल गतिविधि की जानकारी तथा भाग लेने वाले विद्यार्थी की संख्यात्मक जानकारी रखना होगा। नियमित अंतराल पर आगामी महीनों में बैठक आयोजित कर समीक्षा की जाएगी ।बैठक में सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग संजय पाण्डेय सहित खेल शिक्षक उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान में बढ़ चढकर निभाए सहभागिता

▸ हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम, किया गया पौधरोपण



**शहडोल ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देशभक्ति की भावना को जागृत करने के उददेश्य से प्रदेश भर में 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान संचालित किया जाएगा।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में तिरंगे का महत्व बताने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान शान है, तिरंगे का सदैव सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में जिलेवासी बढ़-चढ कर सहभागिता निभाएते हुए अपने घरों, कार्यालय, दुकानो, संस्थानों, ऐतिहासिक महत्व के स्थानों आदि स्थानो में तिरंगा फ्हराये और हर घर तिरंगा बेवसाइट में अपनी सेल्फी भी साझा करें।

कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थी महापुरुषों एवं देष की आजादी में अपना बलिदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बारे में जाने, पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में सहभागी बने, उन्होंने कहा कि शिक्षक पाठ्यक्रम के साथ-साथ बच्चों को नैतिक शिक्षा भी प्रदान करें। विद्यार्थियो को खेल गतिविधियो के माध्यम से भी शिक्षा प्रदान करें। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत प्रकृति की गोद भरने के लिए शासकीय लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल परिसर में पौधरोपण भी किया।

साथ ही एसईसीएल के द्वारा विद्यालय में चार सेनेटरी पैड मशीन एवं वर्निंग यूनिट लगाई गई। इस अवसर पर एसईसीएल के जनरल मैनेजर मनीष कुमार श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त आनंद राय सिन्हा, सहायक संचालक संजय पांडे सहित विद्यालय के शिक्षक, छात्राएँ उपस्थित रहे।



## बेसहारा मवेशियों को लगाए गए रेडियम बेल्ट

**शहडोल ।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से युवाओ द्वारा सराहनीय पहल की जा रही है। स्थानीय युवाओं द्वारा बेसहारा एवं सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों को रेडियम युक्त बेल्ट लगाए जा रहे हैं।यह बेल्ट रात के समय वाहनों की हेडलाइट पड़ने पर चमकते हैं, जिससे दूर से ही मवेशियों की पहचान हो सकेगी और दुर्घटनाओं से बचा जा सकेगा। इस जनहितैषी कार्य में युवाओं ने अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए स्वयंसेवी रूप से सहभागिता निभाई है। यह अभियान विशेषकर उन स्थानों पर चलाया जा रहा है जहाँ रात्रिकालीन दुर्घटनाओं की अधिक संभावना रहती है ।युवाओं द्वारा पाली रोड, रीवा रोड, बुढ़ार रोड, मानपुर रोड, हाईवे में बैठे गौवंशों को रात्रिकालीन सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए रेडियम बेल्ट लगाए गए।

इस कार्य में गौरव राल्ही मिश्रा, प्रकाश सेन, प्रभाकर मिश्रा, प्रीति श्रीवास्तव, देवेन्द्र श्रीवास्तव, सार्थक मिश्रा,रुपेश मिश्रा, आशीष नापित, मोहित शर्मा, शिवम त्रिपाठी, शिवनाथ द्विवेदी, संस्कार द्विवेदी, अमर सोनी, प्रियांश मिश्रा, अजय शुक्ला, अजय सोंधिया, ऋषभ बर्मन आदि युवाओं की भूमिका रही।

# सीएमओ तेरी तानाशाही नहीं चलेगी नारों से गूंज उठी धनपुरी

**कांग्रेस की मध्यस्थता से तीसरे दिन खत्म हुई सफाई कर्मचारियों की हड़ताल**





**धनपुरी (नवभारत)।** नगर पालिका धनपुरी के लगभग 160 कर्मचारी बीते मंगलवार से अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे।सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका धनपुरी की मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर पर तानाशाही के आरोप लगाए थे। वाहन चालकों ने सीएमओ पूजा बुनकर पर तुगलकी फरमान जारी करने के प्रमाणित आरोप लगाए थे।सफाई कर्मचारियों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी की कार्यशैली के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश था।

नगर पालिका धनपुरी के ठीक सामने टेंट लगाकर धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों से बात करने की कोशिश ना तो मुख्य नगर पालिका अधिकारी कर रही थी और ना ही चुनाव जीत कर सत्ता सुख भोगने वाले जनप्रतिनिधि। चिलचिलाती धूप में दो दिनों तक सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर नगर पालिका के सामने बैठे रह गए थे लेकिन सत्ता के मद में चूर जनप्रतिनिधि और उनकी हर गलत में हां में हां मिलाने वाले अधिकारी उनसे बात तक करने के लिए तैयार नहीं थे। बुधवार की शाम जब ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव शर्मा के साथ नेता प्रतिपक्ष शोभाराम पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुबारक मास्टर ,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इबरार खान, संतोष सिंह सेंगर ,राम सिंह, मोहम्मद साबिर, मोहम्मद आजाद के साथ बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस के नौजवान साथी धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे तो सफाई कर्मचारियों की लड़ाई को बल मिला। नगर पालिका धनपुरी के सामने सैकड़ो की संख्या में मौजूद सफाई कर्मचारियों के साथ जब कांग्रेसी नेताओं ने सीएमओ मुर्दाबाद नगर पालिका अध्यक्ष मुर्दाबाद के गगन भेदी नारे लगाए सीएमओ की तानाशाही के खिलाफ जिला कलेक्टर से मिलने और सड़क पर धरना प्रदर्शन चकाजाम की चेतावनी दी तो सत्ता संभालने वाले जिम्मेदारों और तानाशाही करने वाले अधिकारियों की रातों की नींद उड़ गई। बुलंद आवाज में लगाए गए मुर्दाबाद के नारों ने परिषद की आपातकालीन बैठक बुलाने के लिए मजबूर कर दिया।

**कांग्रेस की मध्यस्थता से तीसरे दिन खत्म हुई हड़ताल**

हड़ताल के तीसरे दिन सफाई कर्मचारी सुबह से ही नगर पालिका धनपुरी की तानाशाही के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी कर रहे थे नगर पालिका धनपुरी के ठीक सामने सफाई कर्मचारी मंच से सीएमओ तेरी तानाशाही नहीं चलेगी, धनपुरी सीएमओ मुर्दाबाद, हमारी मांगे पूरी करो सफाई कर्मचारी एकता जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे तो दूसरी तरफ परिषद की आपातकालीन बैठक जिसमें सभी वार्ड के पार्षद मौजूद थे हो रही थी दोपहर लगभग 12 बजे कांग्रेसी नेताओं का प्रतिनिधिमंडल जिसमें राजीव शर्मा मुबारक मास्टर इबरार खान मोहम्मद साबिर राम सिंह मोहम्मद आजाद बलमीत सिंह खनूजा सफाई कर्मचारियों की जायज मांगों पर चर्चा करने के लिए नगर पालिका धनपुरी पहुंचता है। कांग्रेसी प्रतिनिधि मंडल का कहना था कि अध्यक्ष सीएमओ से चर्चा करना है लेकिन परिषद कॉन्फ्रेंस हाल में ही इस मामले में चर्चा करना चाह रही थी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव शर्मा के नेतृत्व में सभी कांग्रेसी नेता कॉन्फ्रेंस हाल में पहुंचते हैं और परिषद के सामने सफाई कर्मचारियों की समस्या और उनके द्वारा लगाए गए आरोपों पर बिंदुवार चर्चा करते हैं। परिषद की ओर से मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर ने भी बिंदु वार जानकारी दी अधिकांश मांगों पर सहमति बनने के बाद धरना प्रदर्शन पर बैठे सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल को भी इस बैठक में बुलाया गया। सफाई कर्मचारी नेता विजय रावते ने सफाई कर्मचारियों की समस्या को खुलकर परिषद के सामने रखा बैठक में आज कहीं से तानाशाही और सत्ता की खनक नहीं दिख रही थी।

सकारात्मक माहौल में बैठक हुई जिसके बाद सफाई कर्मचारियों के धरना प्रदर्शन स्थल पर नगर पालिका अध्यक्ष रविंदर कौर छाबड़ा नेता प्रतिपक्ष शोभाराम पटेल उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर पहुंची और सभी सफाई कर्मचारियों के सामने उनकी मांगों को लेकर क्या निर्णय हुआ है उसकी लिखित में जानकारी देने की बात कही। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलमीत सिंह खनूजा ने सफाई कर्मचारियों को बताया कि आपके टेंट के नीचे आपसे बात करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी धनपुरी आ चुकी है यह आप सब की जीत है। कांग्रेस की मध्यस्थता से तीन दिनों तक चलने वाली यह हड़ताल समाप्त हुई सफाई कर्मचारियों के हड़ताल में चले जाने की वजह से धनपुरी नगर की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई थी।

नगर वासियों का गंदगी से जीना दुश्वार हो रहा था त्योहार सर पर खड़े हैं और सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं इस बात को लेकर नगर वासी व्यापारी काफी चिंतित थे। हड़ताल पर गए सफाई कर्मचारियों से तानाशाही करने वाले अधिकारी बात तक करने के लिए तैयार नहीं थे ऐसे में हड़ताल काफी लंबी हो सकती थी क्योंकि सफाई कर्मचारी भी पीछे हटने के लिए किसी भी प्रकार से तैयार नहीं थे त्योहार के दौरान नगर में गंदगी फैलती तो पूरे नगर वासियों का त्योहार खराब हो जाता त्योहार के दौरान सफाई कर्मचारी भी हड़ताल पर रहते और उनका त्यौहार भी खराब हो जाता सही समय पर कांग्रेस की जोरदार एंट्री ने तानाशाही करने वाले अधिकारियों की सारी हेकड़ी निकाल दी और तीसरे दिन सकारात्मक बैठक के बाद हड़ताल खत्म हो गई। सफाई कर्मचारियों ने अपनी इस लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने वाली कांग्रेस पार्टी के प्रति दिल से धन्यवाद दिया है। सफाई कर्मचारियों ने मजदूर एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए हड़ताल को समाप्त किया।



## उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को किया गया सम्मानित

**शहडोल ।** अतिक्ति मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह ने जिला पंचायत के सभागार में पंचायत उन्नति सूचकांक के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियो एवं सचिवो को शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं चेक प्रदान कर सम्मानित किया। जिले के विभिन्न जनपदों की ग्राम पंचायतों ने विकास, स्वच्छता, शासन योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जनसुविधा उपलब्ध कराने के क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिनके मूल्यांकन के आधार पर उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाली पंचायतों में प्रथम पुरस्कार जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत अल्हरा, द्वितीय पुरूस्कार जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत चंदेला, तृतीय पुरूस्कार जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत खाम्हा शामिल है।

# रक्षाबंधन की रौनक से गुलज़ार हुआ बाजार, फौजी भाइयों की बहनों को मुफ्त राखी




**शहडोल ।** शहर में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर शहर के प्रमुख बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। खास बात यह है कि इस साल फौजी भाइयों की बहनों को मुफ्त राखी देने का एक अनूठा कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिससे उन्हें अपने भाइयों के प्रति प्रेम व्यक्त करने का एक खास मौका मिल रहा है ।रक्षाबंधन के इस पावन अवसर पर विभिन्न प्रकार की राखियां दुकानों में सजी हुई हैं। लोग अपनी पसंद की राखियां खरीद रहे हैं। कई लोग तो अपनी पसंद की राखी बनाने के लिए भी सामग्री खरीद रहे हैं। यह त्यौहार भाई-बहन के रिश्ते की मिठास को और भी बढ़ा देता है ।इस बीच, एक दिल छू लेने वाली खबर सामने आई है। भोपाल से आए नीरज गुप्ता, जिन्हें 'सूरमा भोपाली' के नाम से भी जाना जाता है, लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के सामने एक अनोखी पहल कर रहे हैं ।नीरज गुप्ता फौजी भाइयों के लिए शहर की बहनों को मुफ्त में राखी दे रहे हैं। वह इसके बदले में उनसे कुछ भी नहीं ले रहे हैं। जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यह उनकी तरफ से फौजी भाइयों के लिए एक छोटी सी भेंट है। उन्होंने कहा कि फौजी भाई देश की सीमाओं पर खड़े होकर हमारी सुरक्षा कर रहे हैं, इसलिए यह हमारा फर्ज बनता है कि हम भी उन्हें सम्मान दें ।इस पहल की खास बात यह है कि नीरज गुप्ता की दुकान के ठीक सामने पोस्ट ऑफिस है, जिससे महिलाएं उनकी दुकान से राखी खरीद रही हैं और तुरंत अपने फौजी भाइयों को भेज भी रही हैं ।यह त्यौहार भाई-बहन के बीच के अटूट प्यार और विश्वास का प्रतीक है। शहर के चौराहों और मुख्य सड़कों पर यातायात भी बढ़ गया है, जिससे लोगों को बाजारों में पहुंचने में थोड़ी परेशानी हो रही है। लेकिन इन सब के बावजूद लोगों में उत्साह कम नहीं हुआ है ।इस साल का रक्षाबंधन का यह त्यौहार खास है क्योंकि यह फौजी भाइयों के प्रति सम्मान और प्रेम को दर्शाने का एक बेहतरीन मौका है। यह कार्यक्रम उन बहनों के लिए एक सुखद अनुभव है जिनके भाई देश की सेवा में लगे हुए हैं ।इस अवसर पर हम सभी को यह याद रखना चाहिए कि यह त्यौहार न केवल भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक है, बल्कि यह देश के प्रति हमारे सम्मान का भी प्रतीक है।

## कार्य में लापरवाही बरतने पर कृषि विस्तार अधिकारी को कलेक्टर ने किया निलंबित

**नवभारत, कटनी।** किसानों को यूरिया खाद वितरण के दौरान हुई अव्यवस्था के मामले में कर्तव्य में लापरवाही बरतने के मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती सीमा चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कृषि विस्तार अधिकारी की ड्यूटी उर्वरक विक्रय केंद्र, विपणन सहकारी समिति, कृषि उपज मंडी कटनी में लगाई गई थी। मंगलवार को सुबह से ही किसान यूरिया खाद खरीदने के लिए केंद्र पर मौजूद थे।

# सड़क पर बैठी रही मादा भालू ,तड़पता रहा शावक

**एक घंटे तक रुका रहा यातायात, इलाज के दौरान मौत**



**शहडोल ।** जिले के गोहपारू और जैतपुर वन परिक्षेत्र की सीमा पर स्थित बाड़ी नाले के पास एक मादा भालू ने घायल शावक को बचाने के लिए करीब एक घंटे तक सड़क पर डेरा जमाए रखा, जिससे चुहरी से जैतपुर मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित रहा। यह मार्मिक घटना बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात की है। जानकारी के अनुसार, मादा भालू अपने तीन शावकों के साथ सड़क पार कर रही थी, तभी किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से एक शावक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल शावक को उठाकर अपने साथ ले जाने के लिए मादा भालू ने लगातार एक घंटे तक प्रयास किया, लेकिन सफ्ल नहीं हो पाई। अंततः वह अपने दो अन्य शावकों के साथ सड़क पर ही बैठ गई। स्थानीय लोगों ने भालू को सड़क पर देखकर वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे जैतपुर और गोहपारू वन विभाग की टीम ने मादा भालू और उसके दोनों शावकों को जंगल की ओर भगाया, और घायल शावक को उपचार के लिए गोहपारू ले जाया गया, लेकिन गुरुवार तड़के उसकी मौत हो गई। जैतपुर रेंजर बृजलाल प्रजापति ने बताया कि हमारी टीम ने मौके पर पहुंचकर जाम में फंसे वाहनों को सुरक्षित निकाला और मादा भालू को सड़क से हटाया। बाद में घायल शावक को उपचार के लिए भेजा गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। वन विभाग के अनुसार, यह घटना वाहनों की तेज रफ्तार और जंगल से गुजरते मार्गों पर सुरक्षा उपायों की कमी के कारण हुई है। विभाग ने वाहन चालकों से रात के समय सतर्कता बरतने की अपील की है, ताकि वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**रैली** | खाखी संग राखी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गयी रैली




**ब्योहारी।** प्रधानमंत्री नारेन्द्र मोदी की प्रेरणा एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देशभक्ति की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से प्रदेश भर में 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान संचालित किया जा रहा है जिसके तारतम्य मे गुरुवार को सेन्ट्रल एकड़मी स्कूल मउ के द्वारा तिरंगा यात्रा निकालते हुए खाखी संग राखी का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

**खाखी संग राखी का हुआ आयोजन**

हर घर तिरंगा अभियान के तहत सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल के छात्र छात्रा एवं स्कूल के समस्त स्टॉप द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी एवं थाना ब्योहारी मे पंहुच कर खाखी संग राखी का आयोजन किया गया एवं थाना प्रभारी अरुण पाण्डेय द्वारा सभी को तिरंगे का महत्व बताया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि तिरंगा हमारे देष की आन, बान शान है, तिरंगे का सदैव सम्मान करना चाहिए। विद्यार्थी महापुरुषों एवं देष की आजादी में अपना बलिदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बारे में जाने, पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में सहभागी बने, उन्होंने कहा कि शिक्षक पाठ्यक्रम के साथ-साथ बच्चों को नैतिक शिक्षा भी प्रदान करें। विद्यार्थियो को खेल गतिविधियो के माध्यम से भी शिक्षा प्रदान करें।

**हर घर तिरंगा फहराने का दिया संदेश**

खाखी संग राखी कार्यक्रम के बाद सभी छात्र छात्राए जय स्तम्भ होते हुए बनसुकली चौराहे मे पंहुच कर सभी लोगो को हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ कर सहभागिता निभाते हुए अपने घरों, कार्यालय, दुकानो, संस्थानों, ऐतिहासिक महत्व के स्थानों आदि स्थानो में तिरंगा फहराये और हर घर तिरंगा बेवसाइट में अपनी सेल्फी भी साझा करने का संदेश दिया गया।

**इनकी रही सहभागिता**

इस अवसर पर थाना प्रभारी अरुण पाण्डेय, ब्लाक समन्वयक ब्रम्हानंद श्रीवास्तव, मनोज केसरवानी बी आर सी सी,रीतेश श्रीवास्तव बी ए सी, धर्मेन्द्र पटेल, भानू पटेल,शिव बहादुर ।